University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 12 May 2021

## AMRIT VICHAR PAGE 3

### छात्रों ने दिखाया कला का हुनर

**लखनऊ।** लविवि के सांस्कृतिकी की ओर से मंगलवार से 15 मई तक एक ऑनलाइन फेस्ट फेस्टटास्टिक का आयोजन किया जा रहा है। जैमिंग, मोनोलॉग, नृत्य, संगीत अलग-अलग दिन के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। बहुत उत्साह है और छात्र अपने रचनात्मक कार्य छोटे इंस्टाग्राम वीडियो के माध्यम से पोस्ट कर रहे हैं। इस ऑनलाइन उत्सव फेस्टटास्टिक का प्रथम दिन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एक संगीत प्रतियोगिता और एक जैमिंग इवनिंग का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिकी के स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर आयुष शुक्ला ने बताया कि हील द वर्ल्ड थीम पर आयोजित उत्सव के पहले दिन के संगीत प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व सभी संबद्ध महाविद्यालयों से 187 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को अपनी पसंद के गाने निर्णायकों के सामने गाने का मौका मिला।

## VoL PAGE 3

### लविवि छात्रों ने कला में दिखाया हुनर

**लखनऊ।** लविवि के सांस्कृतिकी की ओर से मंगलवार से 15 मई तक एक ऑनलाइन फेस्ट फेस्टटास्टिक का आयोजन किया जा रहा है। जैमिंगए मोनोलॉगए नृत्यए संगीत अलग.अलग दिन के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। बहुत उत्साह है और छात्र अपने रचनात्मक कार्य छोटे इंस्टाग्राम वीडियो के माध्यम से पोस्ट कर रहे हैं इस ऑनलाइन उत्सव फेस्टटास्टिक का प्रथम दिन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एक संगीत प्रतियोगिता और एक जैमिंग इवनिंग का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिकी के स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर आयुष शुक्ला ने बताया कि हील द वर्ल्ड थीम पर आयोजित उत्सव के पहले दिन के संगीत प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व सभी संबद्ध महाविद्यालयों से 187 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को अपनी पसंद के गाने निर्णायकों के सामने गाने का मौका मिला। अंत में दीपाली रुचि और अर्पिता चौरसिया को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : फेस्टटेस्टा में विद्यार्थियों की दिखी बहुमुखी प्रतिभा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार से पांच दिवसीय ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रम 'फेस्टटेस्टा' का धमाकेदार आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। 'हील द वर्ल्ड' थीम पर आयोजित उत्सव के पहले दिन संगीत प्रतियोगिता हुई, वहीं शाम को जैमिंग इवनिंग का आयोजन किया गया। सांस्कृतिकी के स्टूडेंट को-ऑर्डिनेटर आयुष शुक्ला ने बताया कि संगीत प्रतियोगिता में लविवि सहित सभी संबद्ध महाविद्यालयों से 187 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसमें दीपाली प्रथम, रुचि द्वितीय और अर्पिता चौरसिया तृतीय स्थान पर रही। गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज की डॉ. प्रियंका मजूमदार और लखनऊ के गायक श्रेयांश प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। प्रतियोगिता को लखनऊ विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया गया।